
मैं डॉक्टर के पास नहीं जाना चाहता !
में
डॉ सेफ्टी



मैं डॉक्टर के पास नहीं जाना चाहता !

मैं

डॉ सेफ्टी

**मैं डॉक्टर को नहीं दिखाना चाहता/चाहती!**
**ISBN: 97845-87107-62-2**

**संपादकीय बोर्ड:** लैस जुंकेइरा, क्रिस्टीआने तवारेस, टियागो डलसिन, हेलेन हैस्केल, हुसैन जाफरी, रेजिना कामोगा।

**चित्रांकन:** पेड्रो डी लूना

**एल्सेवियर फाउंडेशन:** यलान स्केम, डोमिज़ियाना फ्रांसेस्कॉन और महा रान्नम

**प्रोजेक्ट मैनेजर:** लैस जुंकेइरा

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया संपर्क करें:
एल्सेवियर फाउंडेशन
https://elsevierfoundation.org/
और
वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस
https://www.worldpatientsalliance.org/

चित्रकार से संपर्क करने के लिए कृपया लिखें:
Ilustrecomunicacao@gmail.com

क्या मुझे यह दवा लेनी चाहिए? © 2024 एल्सेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस द्वारा प्रकाशित है और यह CC BY-NC-ND 4.0 लाइसेंस के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है।
इस लाइसेंस की एक प्रति देखने के लिए कृपया जाएँ:
https://creativecommons.org/licenses/-by-nc-nd/4.0/

एल्जेवियर फाउंडेशन और वर्ल्ड पेशेंट्स एलायंस ने मिलकर रोगी की सुरक्षा को समर्पित बच्चों की एक प्रेरणादायक पुस्तक श्रृंखला शुरू की है।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को रोगी के सुरक्षा की बुनियादी अवधारणाओं और सिद्धांतों से परिचित कराकर उनकी स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देना है।

युवा पाठकों को शिक्षित करके, श्रृंखला एक ऐसी पीढ़ी को विकसित करने की आकांक्षा रखती है जो सुरक्षित देखभाल को महत्व देती है और उसका अभ्यास करती है।


इसके अलावा, जब बच्चे अपने नए ज्ञान को अपने परिवारों के साथ साझा करते हैं, तो इस पहल से समुदायों पर एक स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में रोगी की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का सामर्थ्य मिलेगा।

ली और वी जुड़वा बहनें हैं जो अपने दादीमाँ के साथ रहती हैं।

एक दिन दोपहर के बाद विद्यालय (स्कूल) से लौटते समय ली बहुत शान्त थी।

वी को यह बात अजीब लगी।

ली, तुम बहुत शान्त हो। क्या तुम ठीक हो ?




मैं नहीं जानती... मैं दो दिन पहले स्कूल में गिर गई थी और मेरे पैर में चोट लग गई। मैंने इस बात को दादीमाँ से छुपा कर रखा क्योंकि मैंने सोचा वो मुझसे नाराज होंगी।

ली ने अपनी बहन को अपना घाव दिखाया : एक खराब, लाल खरोंच।




वी ने अपनी बहन की मदद करने की ठानी और उसने दादीमाँ को ली के साथ हुई घटना की बात बताई ।



दादीमाँ ने ली के पैर को देखा ।


मेरी प्यारी ली, डरो मत । मैं तुम्हारे पैर के घाव को साबुन और साफ पानी से धो दूंगी ।



अरे नहीं ! क्या इससे दर्द होगा ?

चिन्ता मत करो, इससे थोड़ा ही दर्द होगा पर मैं इसे बहुत आहिस्ता करुंगी ।

फिर दादीमाँ ने कहा कि ली को डॉक्टर के क्लिनिक ले जाना ज्यादा अच्छा होगा क्योंकि डॉक्टर घाव को अच्छी तरह जांच पाएँगे ।






ली अपने कमरे में भाग गई और
दरवाजा बन्द कर लिया ।

मैं डॉक्टर के पास नहीं जाना चाहती ।

अचानक, ली ने हरे रंग की रोशनी देखी और एक बड़ी सी मुस्कान के साथ कोई उसके सामने प्रकट हुई। यह डॉक्टर सेफ्टी हैं।



मैं डॉक्टर सेफ्टी हूँ और मैं यहाँ तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए तुम्हारी मदद करने आयी हूँ । ली खरोंच में दर्द के अलावा क्या तुम और भी कुछ महसूस कर रही हो ?


डॉक्टर सेफ्टी .. मैं नहीं जानती मैं क्या महसूस कर रही हूँ कैसे बताऊँ ।



हमें यह समझना चाहिए कि हमारा शरीर हमसे क्या कह रहा है। अपनी आँखें बन्द करो और अपने शरीर के प्रत्येक हिस्से के बारे में सोचो। क्या तुम गर्माहट महसूस कर रही हो? क्या तुम थकावट महसूस कर रही हो? क्या पैर के अलावा कुछ और भी दर्द कर रहा है? तुम्हें डॉक्टर को यह बताना चाहिए कि तुम क्या अनुभव कर रही हो।




डरो मत। डॉक्टर तुम्हें ठीक करने और अच्छा महसूस करवाने में मदद करते हैं।




डॉक्टर सेफ्टी से हिम्मत पाकर ली अपने कमरे से निकल कर दादीमाँ का हाथ पकड़ी और वे दोनों डॉक्टर के पास गए ।

ली ने डॉक्टर सेफ्टी की बातों को याद किया और डॉक्टर को पूरी बात बताई ।

मैं सच में गर्माहट और पसीना महसूस कर रही हूँ, और मेरे शरीर में दर्द और थकावट है,  जैसे कि मैंने बहुत लम्बे छुअम छुआई के खेल को अभी अभी खत्म किया है और मेरे पैर में दर्द है ।




अच्छी तरह समझाने के लिए धन्यवाद ! ऐसा लग रहा है जैसे तुम्हें हल्का बुखार है । बुखार मतलब संक्रमण के कारण तुम्हारा पूरा शरीर गर्म है । चलो इस थर्मामीटर की मदद से तुम्हारा बुखार मापते हैं ।




डॉक्टर ने ली और उसकी दादीमाँ को बताया कि घाव में संक्रमण होने की वजह से ली को हल्का बुखार है ।


संक्रमण क्या होता है ?



डॉक्टर ने कहा कल्पना करो की तुम्हारा शरीर एक किला है ।



त्वचा दीवार की तरह होती है जो कीटाणुओं को बाहर रखती है । जब तुम्हें खरोंच लगती है तो विशेष श्वेत कोशिकाएं सैनिक की तरह लड़कर इन कीटाणुओं को हरा देती हैं ।




लेकिन यदि चोट ज्यादा गहरी हो या कीटाणु काफी शक्तिशाली हो तो कभी कभी श्वेत कोशिकाओं को मदद की जरूरत होती हैं।



यदि बहुत ज्यादा कीटाणु तुम्हारे घाव में चले जाते हैं तो इसमें सूजन आ सकता है और तुम्हें काफी तकलीफ हो सकती है यह संक्रमण कहलाता है । इसलिए जितनी जल्दी हो सके घाव को साफ करना जरूरी है । और अपने शरीर को समझना चाहिए ताकि हम अपने किले को मजबूत और स्वस्थ्य रख सके ।





डॉक्टर घाव को साफ करने के लिए एन्टीसेप्टिक नामक एक  विशेष तरल पदार्थ लाए ।


क्या इससे दर्द होगा ?


चिन्ता मत करो, मैं धीरे से साफ करुंगा ।

वे एन्टीसेप्टिक सूखने का इन्तजार करने लगे और फिर ली के पैर पर एक चमकदार प्लास्टर लगा दिया । उन्होंने उन्हें संक्रमण से लड़ने की दवा दी ।

ली यह बहुत जरूरी है तुम अपने घाव को साफ और सूखा रखो और जैसा मैंने बताया है उसी तरह दवाईयाँ लो ।

यह निश्चित करने के लिए कि हमने कीटाणुओं को मार डाला है ये सारी दवाईयाँ समाप्त होने तक लेते रहना । यदि तुम्हारा बुखार बढ जाए या तुम्हें अच्छा महसूस ना हो तो कृपया दोबारा आ जाना ।






घर पर, वी ली का इन्तजार कर रही है - उन्होंने एक दूसरे को गले लगाया और बैठ कर अपने किले के साथ खेलने लगी ।

क्या यह डरावना था ?

नहीं ! यह सच में अच्छा था ! अबसे यदि मुझे चोट लगे या मैं बीमार पड़ जाउँ तो मैं हमेशा किसी बड़े को बताउंगी । मेरी बात दादी माँ को बताने का शुक्रिया !

अचानक किले से एक हरी चमकती रोशनी निकली । ली ने अन्दर झांका और वहाँ एक छोटा टिप्पणी पाया :

प्यारी ली और वी, तुमने बढिया काम किया है ! यह चमकदार बैच तुम्हारे लिए है तुमलोग अब सेफ्टी की चेम्पियन हो ! अब जाओ और दूसरों को अपने स्वास्थ्य को समझने में मदद करो । सुरक्षित रहो !



ली और वी की तरह सेफ्टी चेम्पियन बनो । अपने शरीर को समझो और यदि तुम्हें चोट लगे या बीमार महसूस करो तो किसी बड़े को बताओ । चलो ऐसा करें !








ली और वी जुड़वां बहनें हैं और बहुत अच्छी दोस्त भी! एक दिन, स्कूल से लौटते समय, वी  ने देखा कि ली बहुत चुप है। उसने मदद करने के लिए अपनी दादी को बताया कि क्या हो रहा है। दादी ने फैसला किया कि ली को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। लेकिन यही तो आखिरी चीज़ थी जो ली चाहती थी! क्या ली डर रही है?

**चिंता मत करो, डॉक्टर सेफ़्टी**

**इसे समझदारी और देखभाल से हल कर सकते हैं!**

World Patients Alliance

THE ELSEVIER FOUNDATION

Translated By

NATIONAL THALASSEMIA WELFARE SOCIETY